दिनांकः 01.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक अवसरों वाला देश–उन्होंने सुधारों, स्थिर नीति व्यवस्था और उच्च विकास का वायदा किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- राज्य सरकार ने राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल का किया गठन।
- प्रदेश में आज से बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी की संभावना–कोटा और उदयपुर संभाग में भारी बारिश के आसार।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत सबसे बड़े अवसरों वाला देश है। प्रधानमंत्री ने इकनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में निवेशकों से नवाचार, श्रेष्ठ निष्पादन, सकारात्मक पहल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कारोबारी सुविधा, सुधार, स्थिर नीतिगत व्यवस्था और उच्च वृद्धि दर का वायदा भी किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मज़बूत इरादों, उम्मीदों और विश्वास के साथ की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारज आज सफलता की अनूठी गाथा लिख रहा है।

....................

केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार संबंधी जैव–प्रौद्योगिकी नीति–बायो ई–3 जारी कर दी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कल नई दिल्ली में कहा कि इस नीति से देश में जैव विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और खाद्य, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पडेगा। यह नीति निजी भागीदारी से लागू की जाएगी और इससे रोजगार सृजन भी होगा। डॉक्टर सिंह ने कहा कि जैव विनिर्माण और जैव–फाउंड्री से देश की भावी जैव–अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक वृद्धि पर्यावरण के अनुकूल हो सकेगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बायो ई–3 नीति को पिछले महीने की 24 तारीख को मंजूरी दी थी।

....................

केन्द्र सरकार, देश में टिकाऊ इलेक्ट्रॉनिक कल–पुर्ज़ों के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना लाएगी। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में कहा कि भारत में इस्तेमाल किये जा रहे सभी 99 प्रतिशत से भी अधिक मोबाइल फोन देश में ही बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल एप्पल अपना नया फोन भारत में बनाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विनिर्माण वर्ष 2013–14 में 29 अरब डॉलर का था, जो 2022–23 में बढ़कर 105 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में रेल, सड़क, हवाई अड्डे और बंदरगाह से जुड़ी दो ट्रिलियन डॉलर की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस विभाग को पूरी मुस्तैदी से आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने पुलिस को अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई करने को कहा। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों को क्षेत्र का दौरा करने और ज़िलेवार कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग को प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को लेकर की गई कार्रवाई और सकारात्मक कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने साइबर क्राइम पर रोकथाम के साथ आमजन को जागरुक करने को भी कहा। इसके अलावा उन्होंने नारकोटिक्स से संबंधित मामलों और

अवैध खनन पर भी तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर कालिका यूनिट के गठन की कार्रवाई को जल्दी पूरा किया जाए।

....................

राज्य सरकार ने राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल का गठन किया है। सरकार ने अधिसूचना जारी कर नेशनल अलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशन कमीशन एक्ट, 2021 के तहत इसका गठन किया है। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सरकार ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. एस.एस. यादव को इस परिषद का चेयरमैन नामित किया है।

....................

प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए सुविधाओं को और मज़बूत बनाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा है कि आशा सहयोगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सीएचओ के माध्यम से कैंसर रोकथाम के कार्य को गांव–ढाणी तक अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा। श्रीमती सिंह ने कल जयपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में आयोजित स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस संबंध में दिशा–निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि स्क्रीनिंग के लिए जिलेवार योजना भी बनाई जाएगी। साथ ही, प्रदेश में अक्टूबर महीने से बड़े स्तर पर कैंसर जागरुकता अभियान संचालित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आमजन को कैंसर रोग के लक्षण, जांच और उपचार को लेकर जानकारी दी जाएगी।

....................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के विस्तार और इसे एम्स की तर्ज़ पर रिम्स के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठा रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध आरयूएचएस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी और अन्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल के सुचारू संचालन को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस मौके पर श्रीमती सिंह ने कहा कि आरयूएचएस प्रबंधन इस दिशा में एक्शन प्लान तैयार कर उसकी प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं के लिए नियमित भर्तियां होने तक विजिटिंग फैकल्टी के रूप में सवाई मानसिंह अस्पताल से विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं लेने को कहा। उन्होंने आवश्यकतानुसार पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भिजवाने के भी निर्देश दिए।

....................

और अब खबरें पेरिस पैरालिम्पिक की –

पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में निशानेबाजी में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच–1 में रूबिना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीता है। रूबिना, फाइनल मुकाबले में 211 दशमलव एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रूबीना फ्रांसिस को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि रूबीना की सफलता दिव्यांगों को विशेष रूप से प्रेरित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में इसे देश के लिए गर्व का क्षण और रुबिना फ्रांसिस के दृढ संकल्प का परिणाम बताया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने भी रूबीना को बधाई दी है।

पेरिस पैरालम्पिक में आज भारत को कुछ और पदक मिलने की उम्मीद है। पुरुष शॉटपुट एफ–40 फाइनल में रवि रंगोली चुनौती पेश करेंगे। उधर, पुरुष ऊंची कूद टी–47 स्पर्धा के ख़िताबी मुक़ाबले में निशाद भी पदक की दौड़ में होंगे।

....................

प्रदेश में आज से बारिश की गतिविधियों में और बढोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में एक नया तंत्र बनने से पूर्वी राजस्थान में एक सप्ताह तक भारी बरसात का दौर चलेगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव से आज कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम बारिश के आसार हैं।

....................